# 1.25 लाख करोड़ के एमओयू फाइनल 5.5 लाख को दिया जाएगा रोजगार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : उत्तर प्रदेश में औद्योगिक निवेश के जरिए रोजगार सृजन की योगी सरकार की कोशिशें रंग लाती दिख रहीं हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 को लेकर शुरू हुआ समझौता ज्ञापन (एमओयू) का सिलसिला तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस कड़ी में प्रदेश सरकार को 30 नवंबर तक 1.68 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिल चुके हैं। इनमें 1.25 करोड़ के प्रस्तावों पर एमओयू की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। फाइनल हुए एमओयू से प्रदेश में 5.5 लाख से ज्यादा रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

लखनऊ में 10 से 12 फरवरी तक आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के लिए प्रदेश सरकार ने 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा है। समिट को दो माह से ज्यादा का वक्त बचा है और सरकार द्वारा शुरू किए गए पोर्टल, निवेश सारथी के माध्यम से 1.68 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव प्राप्त होने को बड़ी सफलता माना जा रहा है।

UP GLOBAL INVESTORS SUMMIT
10-12 FEBRUARY, 2023

**315 निवेश प्रस्तावों पर बातचीत जारी, हो सकता है एमओयू**

**सरकार को अब तक मिले 1.68 लाख करोड़ के 472 निवेश प्रस्ताव**

निवेशकों के साथ कुल 148 एमओयू की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। इन एमओयू के जरिये सरकार को कुल 125,885 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इस निवेश से 5,63,496 नौकरियों के सृजन की संभावना आंकी गई है। वहीं, 315 निवेश प्रस्ताव ऐसे हैं जिन पर एमओयू की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। यदि ये सभी निवेश में तब्दील हो जाएं तो इनसे 6,79,338 नौकरियों का सृजन संभव है। नोडल अधिकारियों द्वारा 30,395 लाख के इंटेंट रिजेक्ट किए गए हैं। जबकि 3,920 लाख के चार इंटेंट फिलहाल पेंडिंग है। निवेश सारथी के नाम से एक पोर्टल की शुरुआत की गई।